किसान चोहलदास साहू को धान पैडी... पृष्ठ 2 | बिजली न्याय आंदोलन के तहत... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

शनिवार, 19 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 269, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# धान खरीदी में अफरा तफरा -शार्टेज का मामला सदन में गूंजा

## संग्रहण केंद्र में रखे धान में जरई उगने की शिकायत की विधायकों ने , खाद्यमंत्री को विस प्रश्नोत्तरी एवं वेबसाइट में अंतर को लेकर विधायकों ने घेरा

**रायपुर।** सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में धान खरीदी में हुए घोटाला अफरा तफरी से करोड़ों रुपये के नुकसान का मामला गूंजा। कांग्रेस के सदस्यों ने कहा कि खाद्य मंत्री द्वारा विस में दिये गये उत्तर और खाद्य विभाग के वेबसाइट में खरीदी के आंकड़ों का अलग अलग अंतर है। सदस्यों ने कहा कि धान खरीदी के दौरान बड़ी मात्रा में धान संग्रहण केंद्रो में रखे गये है समुचित व्यवस्था न होने कारण धान में जरई उग रहा है। विधानसभा में आज संजारी बालोद जिले में कांग्रेस सदस्य संगीता सिन्हा ने अपने जिले के विस क्षेत्र के अंतर्गत धान खरीदी में हुए अफरा तफरी तथा घोटाला का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में 1.55 धान खरीदी में अफरा तफरी हुई है। जिससे सरकार को एक करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। खाद्यमंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि 2, 21,000 मीटरिक टन के धान का उठाव हुआ है। उन्होंने बताया कि नान एफसीआई तथा राइस मिलर्स धान का उठाव कर रहे है। कांग्रेस सदस्य संगीता सिन्हा ने कहा कि विस में दिये गये उत्तर तथा खाद्य विभाग के वेबसाइट में आकड़ों का अंतर है तो सत्य किसे माना जाए। अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सदस्य अपना प्रश्न पूछे। दयाल दास बघेल ने कहा कि इसमें केवल सिर्फ 1.5 मीटरिक टन खरीदी का अंतर आ रहा है। संग्रहण केंद्रों में रखे धान में उग रहा जरई कांग्रेस सदस्य संगीता सिन्हा



ने आरोप लगाया कि संजारी बालोद में संग्रहण केंद्र में रखे धान बरसात में भींग रहे हैं जिसमें जरई आ गया है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि यदि आप नैनो तरल डीएपी डाल देंगे तो अच्छी फसल आ जाएगी। कांग्रेस के रामकुमार यादव एवं द्वारिकाधीश यादव ने भी कई पूरक प्रश्न पूछे तथा धान खरीदी में अफरा तफरा एवं शार्टेज को लेकर प्रश्न पूछा। भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि सरकार धान खरीदी में लापरवाही बरत रहे हैं। खाद्य मंत्री ने बताया कि राइस मिलर्स तथा एफसीआई ने कितना धान खरीदा एवं उठाया किया इसका विवरण दें। इसके बावजूद 50 हजार मीटरिक टन कहा गया इसके बारे में जानकारी दे। उन्होने कहा कि पूरा मामला गोलमाल है। दयाल दास बघेल ने कहा कि अभी इसका मिलान हो रहा है। इसके बाद ही वस्तुस्थिति का पता चलेगा। बिलासपुर में भी धान शार्टेज का मामला उठाया अटल श्रीवास्तव ने बिलासपुर जिले के कोटा के विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि बिलासपुर में कुछ 144 धान संग्रहण केंद्र है जिनमें से मल्हार और रिसदा में 16 हजार टन धान की कमी पाई गई है। धान खरीदी से संग्रहण केंद्रो में अफरा तफरा और शार्टेज को लेकर लूट मची हुई है। खाद्य मंत्री ने बताया कि बिलासपुर जिले में 140 धान खरीदी केंद्र है इसमें से 132 केंद्र में धान खरीदी धान का मिलान कर लिया गया है तथा शार्टेज शून्य पाया गया है। इस सोसाइटी में हुए इस घपले की जांच जारी है दोषी अधिकारी कर्मचारियों पर काप्रवाई की जाएगी। चित्रकोट के विधायक ने राशन कार्ड में घपले की जानकारी मांगी उन्होंने कहा कि इसकी पात्रता क्या है। भाजपा के धर्मजीत सिंह तथा भैयालाल राजवाड़े ने भी प्रश्न पूछा। ज्ञात रहे छग में धान खरीदी का 100 से अधिक मीटरिक टन धान का लक्ष्य रखा गया था लेकिन सरकार के पास 35 लाख टन धान अतिशेष है जिसकी नीलामी के बाद 19 लाख टन शेष है। इसकी नीलामी नहीं होने के कारण इस समय धान संग्रहण केंद्रों में पड़ा हुआ है। मार्कफेड द्वारा धान को बचाने के लिए कैप कंवर लगाया जा रहा है।

### सदन में गरमाया धान का मुद्दाः भूपेश ने पूछा, '50 हजार मीट्रिक टन धान कहां गया?'

**रायपुर ।** विधानसभा मानसून सत्र के अंतिम दिन धान खरीदी, शॉर्टेज और फर्जीवाड़े का मुद्दा सदन में छाया रहा। कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने बालोद जिले के खरीदी केंद्रों में 184 करोड़ रुपये से अधिक के धान की कमी (शॉर्टेज) का मामला उठाते हुए सरकार और विभाग की जानकारी में विरोधाभास पर सवाल दागे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी सरकार को घेरते हुए पूछा, च्च्50 हजार मीट्रिक टन धान कहां गया?ज्ज संगीता सिन्हा ने सदन में खाद्य विभाग की वेबसाइट और मंत्री की दी गई जानकारी में अंतर को लेकर दस्तावेज लहराते हुए पूछा — च्च्दोनों में से सही कौन है?ज्ज् मंत्री दयालदास बघेल जवाब देने में असहज दिखे। उन्होंने कहा, च्च्वेबसाइट का डेटा अपडेट होता रहता है।ज्ज् विधायक ने पलटवार किया — च्च्करोड़ों की गड़बड़ी है, गोलमोल जवाब नहीं चलेगा।भूपेश बघेल का हमला — उठाव हो गया तो धान गया कहां? पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा: च्च्आप खुद कह रहे हैं कि बालोद में 1,000 मीट्रिक टन धान शेष है। फिर 50,000 मीट्रिक टन धान कहां चला गया? नान और एफसीआई को कितना दिया, स्पष्ट करें। अगर उठाव हो गया है, तो स्टॉक कहां गया?

## श्री चंद्रमौलेश्वर बाबा जी की पालकी यात्रा मुसराकला में आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिवगण सेवा समिति एवं समस्त ग्राम वासी मुसराकला के तत्वाधान में श्रवण मास के शुभ अवसर पर



बाबा महाकाल की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन दिनांक 19 जुलाई 2025 शनिवार समय ग्राम भ्रमण दोपहर 1 बजे से किया जाएगा।गया है। बाबा चंद्रमौलेश्वर जी की भव्य आरती दोपहर 3 बजे होगा उसके प्रसादी वितरण शाम 4 बजे बाजार चौंक मुसराकला में किया जायेगा। उक्त अवसर पर शिवगण सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी मुसराकला ने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## प्लाइवुड हार्डवेयर संघ द्वारा चैंबर ऑफ़कॉमर्स के नव नियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं मंत्रियों का किया गया सम्मान

### व्यापारी हित में चेंबर ऑफ कॉमर्स सदैव तत्पर - खूबचंद पारख

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्लाईवुड एवं हार्डवेयर संघ के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के नेतृत्व में आज प्लाईवुड एवं हार्डवेयर संघ की आवश्यक बैठक होटल अबाना में आयोजित की गई जिसमें चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक, जिला अध्यक्ष,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्रियों का सम्मान किया गया। चेंबर के जिला महामंत्री अरुण डूलानी ने बताया की आज प्लाइवुड हार्डवेयर संगठन राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश एवं जिले के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का होटल अवाना में सम्मान किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री खूबचंद जी पारख छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश के नवनियुक्त उपाध्यक्ष विनोद डड्डा, ज्ञानचंद बाफ्ना, भीमन धनवानि, आलोक बिंदल, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैध,



प्रदेश के मंत्री अमर लालवानी, तरुण लहरवानी, कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, चेंबर के पूर्व प्रदेश मंत्री आशीष अग्रवाल का हार्डवेयर संगठन के द्वारा उनका सम्मान किया गया। सम्मान सभा के पश्चात चैंबर ऑफ़ कॉमर्स प्रदेश के संरक्षक खूबचंद पारख ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में चेंबर के नए अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चेंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारियों के हित में सकारात्मक भूमिका का निर्वहन सफ्लतापूर्वक कर रहा है, और व्यापारियों के हित में सभी संगठन मिलकर एकता के साथ चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक लंबे समय के बाद चैंबर की सक्रियता से व्यापारियों के हित में निर्णय लिए जा रहे हैं और वर्तमान में जीएसटी को लेकर जो भी विसंगतियां हैं,जिसको लेकर चेंबर लगातार सरकार से संपर्क कर व्यापारियों के हित में बातचीत कर रहा है और लगातार व्यापारियों को सरकार का इसमें सहयोग मिल रहा है। चेंबर के जिला अध्यक्ष कमलेश वेद ने हार्डवेयर संगठन के सभी सदस्यों का सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संगठन के प्रति कर्मकता और निष्ठा के कारण ही चेंबर ऑफ कॉमर्स आज मजबूत स्थिति में है उन्होंने व्यापार हित में महत्वपूर्ण निर्णय के लिए सभी की सहभागिता का आवाहन किया और आने वाले समय में चेंबर ऑफ कॉमर्स संगठन को मजबूत करने के लिए सभी व्यापारियों से बैठकों में उपस्थित और महत्वपूर्ण सुझाव देने का आवाहन भी किया। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डडा, ज्ञानचंद बाफ्ना, भीमन धनवानी, अमर लालवानी, तरुण लहरवानी ने भी संबोधित किया। जिसमें हार्डवेयर के प्रमुख रूप से संरक्षक श्री सूर्यकांत चितलांगिया, दीपचंद जी ललवानी ( संरक्षक ) का मार्गदर्शन भी बैठक में प्राप्त हुआ। बैठक में प्रमुख रूप से बलबीर सिंह बग्गा,नरेश चंद बावरिया जी ( संयोजक) अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष जितेश पटेल, जयंती भाई पटेल, नवीन अग्रहरि, महेंद्र सुराणा,नारायण गुप्ता, दयाल लहरवानी, जीता लहरवानी दीपक लहरवानी, रवि लहरवानी, हर्ष पटेल,हर्ष चितलंगिया, यूसुफ जमीलचौरसिया जी, हरि भाई पटेल, एवम हार्डवेयर संगठन के अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन हार्डवेयर संगठन के राजकुमार बाफ्ना ने किया।

## अखंड ज्योति रथ का आज होगा नगर आगमन

### वार्डों व मुहल्लों में भ्रमण तथा पूजन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से आई हुई अखंड %योति रथ का कल शनिवार को नगर आगमन होगा। कल सुबह रथ नगर के विभिन्न गली मुहल्लों व वार्डों में भ्रमण करेगी तथा श्रद्धालुओं द्वारा रथ का जगह जगह दर्शन व पूजन किया जायेगा। शांतिकुंज हरिद्वार में विगत 100 वर्षों से प्र%जवलित अखण्ड %योति रथ यात्रा का भ्रमण देश के कोने कोने में हो रहा है। आगामी 2026 में गायत्री मिशन की परम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष है, इस निमित्त भी देश भर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होना है। उक्त सभी कार्यक्रमों का संदेश देने तथा मानव में देवत्व के उदय, युग निर्माण योजना तथा विचार क्रांति की अलख जगाने के लिए रथयात्रा का भ्रमण हो रहा है। ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में जनजागृति



का संदेश देने के बाद कल 19 जुलाई को सुबह 9 बजे से रथ डोंगरगांव नगर में भ्रमण करेगा। रथयात्रा के जिला प्रभारी जयप्रकाश सिन्हा ने बताया कि रथ नगर के मोंगरा कॉलोनी, स्टेट हाइवे, पुराना थाना रोड, किल्लापारा, सदर लाईन, चौकी रोड, सेवताटोला, सिनेमा लाईन, मटिया, साकेत धाम, ब्लॉक कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण करेगा। उन्होनें बताया कि दिन भर भ्रमण के बाद विश्राम स्थानीय गायत्री मंदिर में होगा तथा दूसरे दिन रविवार को सुबह आसपास के कतिपय ग्रामों में भ्रमण के लिए रवाना होगा। रथ के साथ विगत कई दिनों से अपना सेवादान देने वाली श्रीमती शीला सोनी

**रविवार को शाम 1008 दीपों का दीपयज्ञ**

दूसरी ओर गायत्री मंदिर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा ने बताया कि अखण्ड %योति रथ के नगर आगमन अवसर पर रविवार 20 जुलाई को स्थानीय गायत्री मंदिर में शाम 4 बजे से 1008 दीपों का दीपयज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें नगर के समस्त गायत्री परिजनों के अलावा धर्मप्रेमीजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

### 70 प्रतिशत धान का किया गया उठाव, शेष धान का समयावधि में किया जाएगा उठाव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के धान उपार्जन केन्द्र ग्राम कलकसा, बीजाभाठा, सेवताटोला, सिंघोला एवं पटेवा में 1745072 क्विंटल धान भंडारित था। जिसमें से समस्त धान का निराकरण कस्टम मिलर एवं नीलामी के माध्यम से किया जा चुका है। जिसमें 70 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है। शेष धान का उठाव समयावधि में कर लिया जाएगा। जिले में समस्त मिलर्स के भौतिक स्कन्द का सत्यापन अधिकारियों द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। चावल जमा की अंतिम तिथि शासन द्वारा नवंबर माह तक तय की गई है। समयावधि में चावल जमा का कार्य कर लिया जाएगा। लगातार बारिश के कारण धान के उठाव की गति थोड़ी धीमी थी, लेकिन बारिश नहीं होने की स्थिति में धान का तेजी से उठाव किया जाता है। धान संग्रहण केन्द्रों में धान सुरक्षित कैप कवर से ढक कर रखा गया है।

## बिजली दर में वृद्धि एवं खाद की किल्लत व कालाबाजारी को लेकर कांग्रेसियो ने भाजपा सरकार के खिलाफ दिया धरना एवं किया विरोध प्रदर्शन

### बिजली दर में की गई मूल्य वृद्धि को बताया विष्णुभोग एवं सुशासन टैक्स

अफ्शान खान

**अंबागढ़ चौकी( नांदगांव टाइम्स )।** बिजली दर में वृद्धि को लेकर नगर में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने भाजपा सरकार के खिलाफरैली निकाल कर विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के सामने धरना देते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी उपभोक्ताओ के हित में विष्णुदेव साय सरकार से बिजली दर में वृद्धि को वापस लेने की मांग कर रहे थे।

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने भाजपा सरकार द्वारा हाल ही में की गई बिजली दर वृद्धि को लेकर बिजली कपंनी कार्यालय का घेराव किया एवं एई व जेई कार्यालय के सामने एक घंटे तक धरना प्रदर्शन करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक छन्नी साहू व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर की अगुवाई में किए गए विरोध प्रदर्शन में ब्लाक के कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने नगर में आज भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। प्रदर्शन के साथ - साथ चल रही सभा को पूर्व विधायक छन्नी साहू, जिला अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष निर्मल, जिला पंचायत सदस्य शेश्वरी ध्रुवे, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार ध्रुव, अब्दुल खान, गिरधारी साहू, कांग्रेस नेता रवि साहू, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष उदेराम साहू इत्यादि प्रमुख नेताओ ने सभा को संबोधित किया। सभी वक्ताओ ने भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए इसे किसान, मजदूर एवं गरीबो की विरोधी सरकार करार दिया। सभा एवं प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने राज्यपाल के नाम पर एई को ज्ञापन सौपा। विरोध प्रदर्शन में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक वर्मा, वरिष्ठ नेता रामगोपाल शर्मा, बसंत मंडावी, छोटेलाल कटेंगा, उदयप्रकाश नेताम, बेनीप्रसाद साहू, जसवंत साहू, लक्ष्मण सिन्हा, ललित साहू, धर्मेन्द्र कोरे, जितेन्द्र उईके, भैयाराम यदु, पन्ना मेश्राम, पन्ना कुंजाम, सौरभ मिलिंद, हिमांशु मेश्राम, अजय राजपूत, दुलार विष्वकर्मा, रामदास साहू, छगन बंजारे, अनिल महोबिया, सुजानिक निर्मलकर, सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**भाजपा हर वर्ग को छल रही है -छन्नी साहू**

खुज्जी की पूर्व विधायक छन्नी साहू ने अपनी बिजली कपंनी कार्यालय के सामने हुई सभा में भाजपा के विशुदेव साय सरकार पर प्रदेश के हर वर्ग से छलावा करने का आरोप लगाया। उन्होने कहा की भाजपा ने सरकार में आने के लिए कई तरह के लोक लुभावन वायदे किए थे। लेकिन आज सत्ता में आते ही वह सभी वायदो से किनारा कर लिया है। पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा की कांग्रेस ने अपने सरकार के दौरान किसान, मजदूर एवं आम जनता से जुडे हर वायदो को पुरे किए। लेकिन भाजपा आज हर वर्ग के साथ विष्वासघात कर रही है।

**रैली निकाली- दर वृद्धि को विष्णुभोग व सुशासन टैक्स बताया**

भाजपा सरकार द्वारा बिजली के दर में की गई वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस ने आज नगर में रैली भी निकाली। पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में प्रददर्शनकारी कांग्रेसियो ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के सामने से रैली निकाली। जो बस स्टैन्ड एवं नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए बिजली कपंनी कार्यालय पहुची। कांग्रेसियो ने यंहा पर घरेलू उपभोक्ताओ के लिए प्रति यूनिट 20 पैसे एवं गैर घरेलू 25 पैसे एवं पंप कनेक्शनधारियो के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट के दर से की गई वृद्धि को भाजपा सरकार का विष्णुभोग एवं सुशासन टेक्स बताया। पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा की कांग्रेस सरकार के समय सरकार 400 यूनिट बिजली मुफ्त में प्रदान करती थी। लेकिन बीजेपी सरकार मुफ्त में बिजली देना तो दूर उल्टा दरो में वृद्धि कर आम जनता का कमर तोड रही है। और पूंजीपतियो एवं उद्योगपतियो पर मेहरबानिया कर रही है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया की भाजपा की सरकार व्यापारियो की सरकार है।

**खाद की कालाबाजारी एवं किल्लत को लेकर प्रदर्शन**

कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने आज बिजली दर में की गई मूल्य वृद्धि के साथ साथ खाद की कालाबाजारी एवं किल्लत को लेकर भी हंगामा विरोध प्रदर्शन एवं जमकर नारेबाजी की। पूर्व विधायक ने कहा की सोसायटियो में खाद नही मिल रहा है। किसान महिनो से खाद के लिए चक्कर काट रहे है। लेकिन खाद सोसायटी के जगह दुकानो मे दोगुने दाम पर मिल रहा है। पूर्व विधायक छन्नी ने आरोप लगाया की जिले ही नही पुरे प्रदेश में खाद की जमकर कालाबाजारी हो रही है। भाजपा की सरकार सोसायटी को कम एवं निजी दुकानदारो को अधिक खाद दे रही है। जिससे प्रदेश में डीएपी सहित अन्य खाद का किल्लत बना हुआ है। किसानो को मजबूरी में महंगे एवं दोगुने दाम पर खाद खरीदना पड रहा है। भाजपा की सरकार सीधे किसानो से लूटपाट कर रही है।

**5 महिने बाद नगर में नजर आई कांग्रेस**

नगरीय निकाय चुनाव के बाद आज पहली बार कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर नगर में सडक पर नजर आए। 5 महिने तक नगर एवं ब्लाक में कांग्रेस की गतिविधिया एक तरह से शून्य ही नजर आ रही थी। लेकिन आश्चर्य यह था की आज के कांग्रेस के प्रभावी प्रदर्षन में कांग्रेस के ही पार्षद ही नदारत दिखे। और उन्होने अपने को आंदोलन से पुरी तरह दूर रखा। आज के विरोध प्रदर्शन में नगर के इक्का दुक्का कांग्रेसियो के अलावा कोई शामिल नही हुआ। कांग्रेसी पार्षदों की आंदोलन से दूरी एवं एक दिन पूर्व कार्यक्रम को रदद करने के प्रयास को पार्टी के अंदर चल रही खीचतान एवं गुटबाजी को फिर सडक में ला खडा किया है।

# किसान चोहलदास साहू को धान पैडी ट्रान्सप्लांटर से रोपा लगाने में हो रही मेहनत एवं समय की बचत

## कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन के तहत धान पैडी ट्रान्सप्लांटर के लिए मिला 4 लाख 10 हजार रूपए का अनुदान



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कृषि के खेती किसानी की नवीनतम तकनीक एवं आधुनिक यंत्रों ने कृषि कार्यों को आसान बना दिया है। धान पैडी ट्रान्सप्लांटर मशीन से मेहनतकश किसानों के श्रम एवं समय की बचत हो रही है। इस मशीन के माध्यम से निर्धारित दूरी पर रोपा लगाने का कार्य बहुत सरल हो गया है। रोपा लगाने का कार्य श्रममाध्य है और समय भी बहुत लगता है। ऐसे में धान पैडी ट्रान्सप्लांटर मशीन किसानों के लिए वरदान से कम नहीं है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम केसला के प्रगतिशील किसान श्री चोहलदास साहू के लिए धान पैडी ट्रान्सप्लांटर मशीन बहुत उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि शासन की योजना अंतर्गत कृषि विभाग के तहत छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड से धान पैडी ट्रान्सप्लांटर के लिए कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन के तहत 4 लाख 10 हजार रूपए का अनुदान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि मशीन की कुल लागत 9 लाख रूपए है। उन्होंने कहा कि इस मशीन से रोपा लगाने का कार्य आसान हो गया है।

प्रगतिशील किसान श्री चोहलदास साहू ने बताया कि उनके पास 10 एकड़ जमीन है। धान पैडी ट्रान्सप्लांटर से रोपा लगाने में मेहनत एवं समय की बचत हुई तथा फसल के उत्पादन में वृद्धि हुई है। रोपा लगाने में कृषि लागत में भी कमी आई है। एक ही दिन में 4 एकड़ तक भूमि में रोपा लग जाता है, जिससे खुशी होती है। थरहा को लाने ले जाने में भी सुविधा मिलती है। उन्होंने बताया कि मशीन से थरहा लगाने पर घना लगता है और पौधों का विकास भी अच्छा होता है। मशीन से निर्धारित दूरी पर रोपा लगने से बीमारी भी कम होती है और पौधों का अच्छा विकास हो जाता है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। शासन की किसानहितैषी योजनाओं से किसानों को बहुत फायदा हो रहा है। जिससे वे नये कृषि यंत्रों को खरीदने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मशीन से रोपा लगाने पर प्रति एकड़ 31 क्विंटल धान का उत्पादन हो रहा है। इसके अलावा वे पैडी ट्रान्सप्लांटर से अन्य किसानों के लिए भी प्रति वर्ष लगभग 40 एकड़ भूमि में किराए से रोपा लगा रहे है। प्रति एकड़ 3 हजार 500 रूपए की दर से किराए पर रोपा लगाने पर लगभग 1 लाख 20 हजार रूपए की अतिरिक्त आय हुई है। जिले के किसान शासन की योजनाओं के तहत कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन अंतर्गत आधुनिक कृषि यंत्र ट्रेक्टर, थ्रेसर, हार्वेस्टर, हैप्पी सीडर, स्प्रेयर, राईस ट्रायर, स्ट्रा बेलर, लेजर लैंड लेवलर, रोटावेटर, मल्चर, स्ट्रॉ रीपर, पैडी मल्टीक्रॉप थ्रेसर, सीड ड्रिल, सीड कम फर्टिलाईजर ड्रिल, कल्टीवेटर, एमबी प्लाऊ, लेवलर, केजव्हील, रीजरे, बंड फारमर, हैरो, चिसल प्लाऊ, जीरो टिल सीड ड्रिल, शक्ति चलित विनोविंग फेन, पॉवर टिलर, कम्बाईन हार्वेस्टर, ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव जैसे कृषि यंत्र के माध्यम से किसान लाभान्वित हो रहे हैं और कृषि यंत्र एवं उपकरण खरीद रहे हैं। शासन द्वारा कृषि यंत्रों को खरीदने के लिए सब्सिडी प्रदान की जा रही है। जिससे किसानों को बहुत मदद मिल रही है। शासन द्वारा कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन अंतर्गत वर्ष 2024-25 में किसानों को कृषि उपकरण खरीदने के लिए 3 करोड़ 31 लाख 48 हजार रूपए का अनुदान दिया गया।



# बोरतलाव, कहुवापानी में पेड़ों की कटाई

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** उत्तर बोरतलाव अंतर्गत आने वाले कहुवापानी जंगल से पेड़ों की लगातार अवैध कटाई हो रही है। यहां विभिन्न प्रजाति के अलावा सागौन के पेड़ भी काटे जा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। जानकारी के अनुसार कहुवापानी के जंगल में लंबे समय से पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है। यहां सक्रिय तस्कर वृक्षों को काटकर उसकी सप्लाई भी कर रहे हैं। कहुवापानी जंगल से सैकड़ों पेड़ की कटाई हो चुकी है।

# विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा में बिलासपुर-तखतपुर-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में लापरवाही व विलंब के संबंध में किया ध्यानाकर्षण

**राशन वितरण, महतारी वंदन योजना, पोषण आहार वितरण हेतु समूहों के चयन एवं दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण के संबंध में पूछा प्रश्न**

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र के अंतिम दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा जी ने बिलासपुर-तखतपुर-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में हो रही लापरवाही तथा अनियमितता एवं सड़क की जर्जर स्थिति से जनता को हो रही परेशानी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया और सदन का ध्यानाकर्षण किया। इसके साथ ही प्रदेश में तीन माह का राशन एक मुश्त वितरण, पंडरिया विधानसभा अंतर्गत महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार प्रदान करने वाले स्व सहयता समूहों के चयन प्रक्रिया तथा पंडरिया विधानसभा अंतर्गत दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण के संबंध में प्रश्न पूछा।



# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने ली बैठक

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जिले की शैक्षिक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी श्री एफआर. वर्मा ने आज जिला शिक्षा कार्यालय में समस्त सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं खंड स्त्रोत समन्वयकों की बैठक ली।



# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्टोरेट परिसर में किया कदम पौधे का रोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर में कदम के पौधे का रोपण कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पौधा रोपण न केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि भावी पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सौंपने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम भी है। कलेक्टर श्री वर्मा ने राज्य शासन द्वारा संचालित च्एक पेड़ माँ के नामज् अभियान की सराहना करते हुए इसे भावनात्मक और पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत प्रेरणादायक पहल बताया। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़कर एक पेड़ मा के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उनका संरक्षण सुनिश्चित करें। पौधा रोपण कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर डॉ. मोनिक कौडों, विनय पोयम, श्री नरेंद्र पैकरा सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और पर्यावरण के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



# जिला पंचायत सीईओ ने दो लाख रुपए का चेक स्व. युवांश निषाद के परिवार को प्रदान की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुची सिंह ने मृतक बालक युवांश के परिवार पिता नरेन्द्र निषाद को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया । इस संबंध में जिला निषाद समाज राजनंदगांव जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद ने विकासखंड छुरिया के ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में पूर्व सरपंच द्वारा सेवा सहकारी समिति के बाउण्ड्रीवाल में ईंट से बनाये गये सूचना पटल के गिर जाने से उसमें दबे मासूम बालक युवांश पिता नरेन्द्र, उम्र 5 वर्ष की मौत होने को संज्ञान में लेकर कलेक्टर राजनांदगांव के नाम ज्ञापन सौंपा गया । इस अवसर पर सड़क चिरचारी से सामाजिक सोनसाय निषाद, राधेलाल निषाद, रजलाल निषाद, शिवकुमार निषाद, फगूराम निषाद, श्रीमती नरबदिया बाई निषाद, श्रीमती द्रोपती बाई निषाद, नरेंद्र निषाद जिला अध्यक्ष द्रुपत मुन्ना निषाद प्रदेश सचिव गिरधर निषाद उपस्थित थे ।





**शुभांक**

**2-8-9**

**689-3 268-6**

**भाग्यांक**

**359-7 344-1**

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (सामा. निर्वा.)**
**जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**

Tel. No.(07820299500)Mail ID-Email-deo-kcg@cg.gov.in

-: सूचना :-

क्रमांक/ 169/ वि. स्था. / 2025-26 — दिनांक-14.07.2025

निम्नांकित वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में नियोजित वाहनों का किराया राशि भुगतान नही हो पाया है। अतः वे तत्काल अपनी आर.सी बुक, पैन कार्ड, बैंक पासबुक एवं वाहन अधिग्रहण आदेश के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय के कक्ष क्रमांक 13 में दिनांक 21/07/2025 तक उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से जमा करें। ताकि वाहन किराया राशि का भुगतान किया जा सके।

अपर कलेक्टर
एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी
(सामान्य निर्वाचन)
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, (छ.ग.)

जी - 252602276/3

# हायर सेकेंडरी विद्यालय तिलईरवार में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हुई पद्मश्री फूलबासन बाई यादव

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्यअतिथि समाज सेविका एवं पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव की उपस्थिति रही। साथ में ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती जामुन बाई साहू एवं यूनिसेफ जिला समन्वयक विनोद कुमार टेम्बुरकर उपस्थित थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव जी, प्राचार्य महोदय एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों द्वारा किया गया। पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में तकलीफें, संघर्षों से अवगत कराते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अपने जीवन को गढना़ आवश्यक हैं। कोई भी व्यक्ति किसी चीज के अभाव में सफलता प्राप्त नहीं करता बल्कि वह उसके लिए सही प्रयास न करने के कारण असफल होता हैं। अत: हमें परिस्थिति चाहे कैसी भी हो, सही लक्ष्य निर्धारित कर अगर जूनुन और जज्बा के साथ कर्म करें तो निश्चित ही सफलता प्राप्त होती है। जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण पर उन्होने बताया कि जल है तो कल है, यह यूं ही नही कहा जाता। यह जल का महत्व दर्शाता है कि पानी हमारे जीवन के लिए कितना जरूरी है और इसलिए जल का संरक्षण भी आवश्यक है। पृथ्वी पर सभी के जीवन के अस्तित्व के लिए पानी अनिवार्य है। हम खाना के बिना तो कुछ दिनों तक जिंदा रह सकते हैं, लेकिन पानी के बिना तीन दिन से अधिक जिंदा नहीं रह सकते है। यदि हम जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण को प्राथमिकता नहीं देंगे तो हमारे बच्चे और आने वाली पीढ़ी पानी की कमी से पीड़ित रहेगी। इसी उद्बोधन की कड़ी में ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती जामुन बाई साहू एवं जिला समन्वयक युनिसेफ से विनोद कुमार टेम्बुरकर ने जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण पर अपने-अपने विचार रखे। पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव, समस्त स्टॉफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता से विद्यालय में वृक्षारोपण कर उसकी सुरक्षा हेतु शपथ भी लिया गया। विद्यालय से युथ एंव इको क्लब प्रभारी शिक्षक एवं कार्यक्रम प्रभारी थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता ने बताया कि पृथ्वी के सभी जीवों के लिए जल एक बहुमूल्य सम्पदा हैं। इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती हैं।भविष्य में जल की समस्या को सुलझाने के लिए जल संरक्षण पर कार्य करना नितांत आवश्यक हैं। इस कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण में उत्कृष्ट कार्य हेतु थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय श्री अशीम कुमार यदु, श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती रेखा मुरकुटे, थंगेश्वर कुमार साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेन्द्र कुमार कश्यप, नोहर दास लिल्हारे, पालक राम वर्मा, हरिचंद यादव, आशीष मसीह, सुश्री रीचा चन्द्राकर, सुश्री हेमिन ठाकुर, दानेश्वर कुमार साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू जी के द्वारा किया गया। एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य महोदय श्री अशीम कुमार यदु जी के द्वारा किया गया।

# अपर कलेक्टर ने गणेश विसर्जन झांकी के संबंध में गणेशोत्सव समिति के सदस्यों की ली बैठक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गणेश विसर्जन झांकी और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में गणेशोत्सव समितियों की बैठक ली। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने कहा कि राजनांदगांव में गणेश उत्सव झांकी बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। गणेश उत्सव झांकी देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इसके लिए निर्धारित रूट से झांकियां निकालना होगा। उन्होंने झांकी रूटचार्ट के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सभी झांकियों को निर्धारित समय और एक डायरेक्शन में झांकी निकालनी होगी। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की सुविधा पहुंच सके। मूर्तियों का विसर्जन निर्धारित स्थान में ही किया जाएगा। उन्होंने गणेश पंडाल सड़क पर नहीं लगाने के निर्देश दिए। पंडाल से नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने डीजे संचालन को उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग के लिए जारी निर्देशों का पालन करने कहा। उन्होंने कहा कि झांकी में तेज आवाज में डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थल झांकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए समितियों से कहा। झांकी के दौरान फटाके फोडऩा, किसी भी तरह का हथियार व लाठी-डंडा लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित श्री गणेश उत्सव समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।



# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025- राजनांदगांव को बनाएं स्वच्छता में नंबर वन - आज ही दें अपना फीडबैक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** क्या आप चाहते हैं कि जिला राजनांदगांव स्वच्छता में पूरे देश में चमक उठे, तो यह आपके लिए सुनहरा मौका है, स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के तहत, जिला प्रशासन ने स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2025 मोबाइल ऐप के माध्यम से अधिक से अधिक फीडबैक देने की अपील की है। आपकी भागीदारी ही हमारे जिले को राष्ट्रीय स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा सकती है।



**क्यों महत्वपूर्ण है आपका फीडबैक -**

नागरिकों द्वारा दिया गया हर फीडबैक ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, शौचालय के उपयोग और स्वच्छता जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण मानकों पर आधारित होता है। यही फीडबैक राष्ट्रीय स्तर पर हमारे जिले की स्वच्छता रैंकिंग तय करने में निर्णायक भूमिका निभाता है। यह सिर्फ एक सरकारी सर्वे नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन है जिसमें आपकी सक्रिय भूमिका बेहद जरूरी है।

**कैसे दें अपना फीडबैक, यह है बेहद आसान -**

अपने मोबाइल के गूगल प्ले स्टोर पर जाएं और स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2025 ऐप डाउनलोड करना होगा। ऐप खोलें और अपने मोबाइल नंबर से आसानी से लॉगिन करें। अपने ग्राम का चयन करें और दिए गए सरल प्रश्नों के उत्तर देना होगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने की अपील -**

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, यह जनभागीदारी से ही एक सच्चा जन-आंदोलन बन सकती है। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2025 ऐप के जरिए अपने अमूल्य सुझाव और फीडबैक जरूर दें, ताकि जिला स्वच्छता की दौड़ में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सके। फीडबैक देने की अंतिम तिथि नजदीक है, इसलिए इंतजार न करें, आज ही अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। आपका एक फीडबैक हमारे जिले का उगवल भविष्य। स्वच्छ राजनांदगांव - सशक्त छत्तीसगढ़।

# कांवड़ यात्रा के लिए मोहारा शिवनाथ नदी तट में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था हेतु महापौर ने पुलिस अधीक्षक को लिखा पत्र

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रावण मास में शिव मंदिरो में अभिषेक करने जल लेने शिवनाथ नदी में श्रणालुओ द्वारा प्रति सोमवार को अल सुबह से मोहारा शिवनाथ नदी में जल भरने भारी संख्या में पहुचते है, जिनकी सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव ने पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग को पत्र प्रेषित किया है।



महापौर श्री यादव ने बताया कि धार्मिक मास श्रावण के महीने में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना एवं अभिषेक हेतु प्रति सोमवार श्रद्धालु मोहारा शिवनाथ नदी में स्नान एवं जल भरने जाते है। वर्तमान में बारिश के कारण नदी का जल स्तर बढ गया है, जिससे स्नान एवं जल भरने के दौरान दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखकर सुरक्षा एवं गोताखोरो की व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा गया है। इसी प्रकार कांवड़ियो का जत्था के रूप में सुबह से ही आना जाना लगा रहता है, श्रद्धालुओ की भीड के सुगम आवागमन के लिए भी यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस बल लगाने कहा गया है। महापौर श्री यादव ने बताया कि नगर निगम द्वारा भी मूलभूत सुविधा के लिए ड्यूटी लगाई गयी है। आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बिजली पानी सफाई के लिए अधिकारियो व कर्मचारियो को दायित्व सौपा है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओ की सुरक्षा एवं सुविधा का पुरा ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने श्रद्धालुओ से अपील की है कि वे नदी के गहरे पानी में न उतरे, छोटे बच्चो का विशेष ध्यान रखे तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए सडक में किनारे चले।

# बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

## राज्यपाल के नाम मांग पत्र में बिजली दर वृद्धि को बताया जन विरोधी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सोमनी और सिंघोला विद्युत वितरण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली कि दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस के नेतृत्व में अपना मोर्चा खोल दिया है शुरू में तो उन्होंने विपक्ष कांग्रेस के नेतृत्व में सोमनी और सिंघोला वितरण केंद्र पहुंचकर राज्यपाल के नाम एई को ज्ञापन सौंपा है यदि बिजली दरो में 1 जुलाई से की गई वृद्धि को वापस नहीं ली गई तो आंदोलन भी ग्रामीण कांग्रेस के नेतृत्व में आंदोलन भी कर सकते है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि वर्तमान में राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में निरंतर की जा रही वृद्धि आम जनता, किसानों, मध्यमवर्गीय परिवारों, छोटे व्यापारियों एवं श्रमिक वर्ग पर भारी आर्थिक बोझ बन चुकी है। घरेलू उपभोक्ताओं पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं पर 25 पैसे प्रति यूनिट तथा किसानों की कृषि विद्युत दर में 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोत्तरी कर दी गई है. जो पूर्णत: अल्यायपूर्ण, तर्कहीन एवं जनविरोधी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर दस निर्णय के विरोध में बिजली न्याय आंदोलन की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में आज दिनांक 18 जुलाई 2025, समय 11.00 बजे स्थान, स्थान बिजली कार्यालय सोमनी में, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के नेतृत्व में जनता की आवाज को शासन तक पहुंचाने हेतु यह ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मांग इस प्रकार से है बिजली दरों में की गई अनुचित वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। किसानों की कृषि विद्युत दरों में पूर्व की रियायती दरें पुनः लागू की जाएं। बिजली बिलों में अनियमितता एवं ओवरबिलिंग की तत्काल जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाए। राजनांदगांव ब्लॉक के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बार बार हो रही बिजली कटौती पर तत्काल प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु ब्लॉक स्तर पर स्थायी हेल्प डेस्क की स्थापना की जाए। यदि इन मांगो पर शीघ्र और सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जाती है, तो भारतीय राष्ट्रीय कांगेस लोकतांत्रिक तरीके से चरणबद्ध और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। जनहित के अत्यंत गंभीर मुद्दे पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर राज्य की जनता को राहत प्रदान करेंगे।



**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैं जया कौशिक पति लिलेश्वर प्रसाद कौशिक निवासी एल.आई.जी.-1/3008, वार्ड नम्बर 08 हाउसिंग बोर्ड इंडस्ट्रियल एस्टेंट आई.ई. भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूँ एवं मेरे राजस्व अभिलेखो में भोजकुमारी पिता जीवन लाल सेन जाति नाई पता भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) स्वामित्व कृषि भूमि में अंकित है व प्राथमिक कन्या शाला तीतुरडीह क्रमांक 01 दुर्ग कक्षा दुसरी के प्रगति पत्र पर भोजबाई पिता जीवन लाल सैन अंकित है। मेरा परिवर्तित नाम किये जाने के लिए मेरा वास्तविक व सही नाम जया कौशिक पति लिलेश्वर प्रसाद कौशिक निवासी एल.आई.जी.-1/3008, वार्ड नम्बर 08 हाउसिंग बोर्ड इंडस्ट्रियल एस्टेंट आई.ई. भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

सूचना जाने।

**भवदीय**
**जया कौशिक**
**पति लिलेश्वर प्रसाद कौशिक**
**निवासी एल.आई.जी.-1/3008,**
**वार्ड नम्बर 08**
**हाउसिंग बोर्ड इंडस्ट्रियल एस्टेंट**
**आई.ई. भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार अं0 चौकी जिला-मोहला-मानपुर-अं0 चौकी (छ.ग.)**

**।। ईश्तहार का प्रकाशन ।।**

रा.प्र.क 0 202507300100001/ ब-121 वर्ष 2024-2025

विषय-ब-121(विविध सामान्य राजस्व मामले)

बलदाऊ प्रसाद चौबे पिता सालिक प्रसाद चौबे जाति ब्राम्हण निवासी सिंधीया नगर तितूरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग, कास्तकार अं.चौकी तहसील अं.चौकी (छ.ग.) जिला मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)

वि.

छ.ग. शासन (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलदाऊ प्रसाद चौबे आ. सालिक प्रसाद चौबे जाति ब्राम्हण निवासी सिंधीया नगर तितूरडीह दुर्ग तहसील दुर्ग व जिला दुर्ग एवं कास्तकार अं.चौकी तहसील अं.चौकी जिला मोहला मानपुर अं0चौकी (छ.ग.) के द्वारा उपस्थित होकर अपने नाम की भूमि स्वामी हक की परिवर्तित भूमि ग्राम अं.चौकी में ख.नं. 164/28 रकबा 0.028 हे. हे. भूमि को अपने पुत्र, पुत्री की विवाह हेतु रूपये की आवश्यकता होने के कारण उक्त भूमि को विक्रय की अनुमति प्रदान करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावो आपत्ति हो तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 04/08/2025 तक अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार

सील

**तहसीलदार**
**अंबागढ़ चौकी**

nandgaon times JULAI-19-3.qxd 7/19/2025 12:08 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) मंत्रिमंडल पद्धति तथा सामूहिक जिम्मेदारी किस देश की देन है?*
*2) नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही कामी रीता ने 12 मई, 2024 तक माउण्ट एवरेस्ट पर कितनी बार चढ़ाई की है?*
*3) 15 अप्रैल, 2024 को भारत के नए सचिव कौन नियुक्त किए गए है?*
*4) आंतरिक संक्रमण तत्वों की कुल संख्या कितनी है?*
*5) अंडरवाटर फोटोग्राफर ऑफ द ईयर 2024 का पुरस्कार किसने जीता?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) ब्रिटेन (2) 28 (3) वंदिता कौल (4) 29 (5) एलेक्स डॉसन

## बिजली न्याय आंदोलन के तहत डोंगरगांव में कांग्रेस का जनविरोध प्रदर्शन, बिजली कार्यालय में सौंपा गया ज्ञापन



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य सरकार द्वारा बिजली दरों में की जा रही निरंतर एवं अन्यायपूर्ण वृद्धि के खिलाफ 17 जुलाई को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव के नेतृत्व में डोंगरगांव बिजली कार्यालय के समक्ष जोरदार जनविरोध प्रदर्शन किया गया। यह आंदोलन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बिजली न्याय आंदोलन के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, ने भाग लिया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन कार्यपालन अभियंता, बिजली विभाग डोंगरगांव को सौंपा गया, जिसमें निम्नलिखित प्रमुख मांगें की गईं: घरेलू, व्यवसायिक एवं कृषि उपभोक्ताओं की बिजली दरों में की गई वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। किसानों को पूर्ववत रियायती दरों पर कृषि विद्युत सेवा उपलब्ध कराई जाए। बिजली बिलों में अनियमितता,ओवरबिलिंग और विभागीय भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती पर शीघ्र नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। ब्लॉक स्तर पर स्थायी बिजली हेल्प डेस्क स्थापित किया जाए जिससे उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव ने चेतावनी दी है कि यदि इन जनहितैषी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक ढंग से चरणबद्ध एवं उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। इस जनआंदोलन के माध्यम से कांग्रेस ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि वह आम जनता, किसानों और मध्यमवर्गीय परिवारों के हितों के लिए सदैव संघर्षशील रहेगी और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से सदन तक आवाज़ उठाती रहेगी। इस आयोजन में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवम् डोंगरगांव ब्लॉक प्रभारी रमेश खंडेलवाल,प्रभारी ब्लॉक अध्यक्ष गणेश साहू,शहर प्रभारी अखिलेश नखत,पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा,पार्षद सद्दाम खत्री,प्रियंक जैन,पूर्व न प अध्यक्ष संध्या साहू,मदन साहू,महेंद्र वैष्णव, रोशन यदु, विरेंद्र बोरकर ,श्रुति शुक्ला,वैशाली बोरकर, संजय मुटकुरे ,सतीश वैष्णव ,संजय संचेती,नरेंद्र साहू,रितेश राजपूत,लीलेश पटेल,कमलेश साहू,मंगलू राम,जीवन देवदास,कुंभ जोशी,अमित ठाकुर,पुस्पेंद्र नेताम, संदीप रत्नाकर ,इंदु साहू,पुरुषोत्तम साहू,मुरली निशाद,महेंद्र भोसले,भुआल साहू, किरिट साहू,किशोर बनाफर,गौतम वर्मा, लेखू राम देवांगन,रामकुमार वैष्णव,राकेश साहू, धनेश केवट,सुंदर साहू,आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम, बालोद जिला में वृक्षारोपण का व्यापक अभियान



**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री स्वाधीन जैन ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे देश में व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के मार्गदर्शन में बालोद जिला प्रशासन के सहयोग से छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफकॉमर्स की ओर से दिनांक 20 जुलाई 2025 दिन रविवार को बालोद जिला में एक माहा वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।आओ हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं: – कार्यक्रम की तिथि: 20 जुलाई 2025 सुबह 10 बजे दिन रविवार – कार्यक्रम का उद्देश्य: मातृशक्ति के सम्मान में वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना – सहयोग की अपील: सभी व्यापारी बंधु, सामाजिक संगठन, राजनीतिक संगठन, बुद्धिजीवी वर्ग, शिक्षक और छात्र-छात्राएं इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर इसे सफल बना सकते हैं हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस महत्वपूर्ण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरित बनाने में अपना योगदान दें।

## लायंस क्लब ऑफनांदगांव द्वारा आयोजित शिविर में 78 बच्चों के दांतों को परीक्षण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से दांत परीक्षण शिविर का आयोजन शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बैगा टोला लखोली में सम्पन्न हुआ इसमें 78 बच्चों के दांतों का परीक्षण कर इलाज किया गया एवं दांतों की सुरक्षा हेतु जानकारी दी गई द्य इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष रूछ्ष्स्न लायन प्रमोद बागड़ी, निवर्तमान अध्यक्ष लायन नंद किशोर खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष लायन संदीप सिंह, लायन दिलीप खण्डेलवाल, सचिव लायन योगेश गुप्ता, शाला की प्राचार्या श्रीमती झा, डेंटल कॉलेज के डाक्टर की टीम ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## आक्सीजन जोन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के आक्सीजन जोन, में दिनांक 15/07/2025 पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से




बिरला ओपन माइंडस प्रीस्कूल और ओपन माइंडस ऐकेडमी अनुपम नगर राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आज आक्सीजन जोन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर के माननीय महापौर श्री मधुसुदन यादव जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महापौर महोदय ने अपने संबोधन में कहा, बच्चों द्वारा उठाया गया यह कदम आने वाली पीढियों के लिए एक प्रेरणा है। वृक्ष ही जीवन है और इस प्रकार के कार्यक्रम समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाते हैं । 15 जुलाई 2025 पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए बिरला ओपन माइंडस प्रीस्कूल और ओपन माइडंस ऐकेडमी अनुपम नगर राजनांदगांव (छ.ग.) ने नगर के माननीय महापौर श्री मधुसुदन यादव जी और सामाजिक संस्था वत्सल्या कुटुंब के सहयोग से आज एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम स्थानीय आक्सीजन जोन में संपन्न हुआ जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं शिक्षकों संस्था के सदस्यों और नगर निगम अधिकारियों ने बढ-चढकर भाग लिया। इस अवसर पर सैकड़ों पौधे जैसे पीपल, नीम, गुलमोहर, कचनार, अशोक आदि रोपे गए। कार्यक्रम का उददेश्य न सिर्फ हरियाली बढ़ाना था, बल्कि बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना पैदा करना भी था । महापौर महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा वृक्षरोपण सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी हैं जिसे हम सभी को निभाना चाहिए । बच्चों में यह भावना जागृत करना समाज के भविष्य को सुरक्षित बनाना है । वत्सल्या कुटुंब संस्था के सदस्यों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्कूल की इस पहल की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या रिचा ठाकुर ने सभी अतिथियों का अभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि प्रक्रृति के साथ जुड़ाव और सामाजिक जिम्मेदारी भी सिखाना चाहते है । उक्त आयोजन पर बिरला ओपन मांइडस प्रीस्कूल के अध्यक्ष डॉ. जानेश श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं प्रेषित की। तथा श्रीमती अंजू आहूजा ने स्टॉफ की प्रंशसा की।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में राजनांदगांव का भारत में टॉप 20 में स्थान आने पर महापौर एंव आयुक्त ने किया सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का सम्मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वच्छता सर्वेक्षण



2024-25 के लिए नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी खासकर स्वास्थ्य अमला ने जी-जान लगाकर कार्य किया, जिसकी परिणति इस सर्वेक्षण में राजनांदगांव पूरे देश में टॉप 20 में पहुँच 14वॉ स्थान प्राप्त किया तथा प्रदेश में 6वें स्थान पर रहे। इसका श्रेय सफाई अमला को देते हुए महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा की उपस्थिति में स्वच्छता दीदीयो एवं सफाई मित्रो का जमातपारा एसएलआरएम सेन्टर में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मान किया।

सम्मान समारोह में महापौर श्री यादव ने कहा कि आप लोगों की मेहनत के कारण ही राजनांदगांव टॉप 20 में स्थान बनाकर 14वॉ स्थान प्राप्त किया तथा प्रदेश में 6वें रहे तथा थ्री स्टार रैकिंग एवं ओडीएफ प्लस प्लस दर्जा पुन: मिला। उन्होनें कहा कि इस वर्ष आप लोगो ने इतना मेहनत किया कि हम गत वर्ष की तुलना में 79 से 65 छलांग मारकर 14वे स्थान में आ गये। इस वर्ष और मेहनत करे ताकि हम टॉप 10 में जगह बना सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमे कडी मेहनत करनी पडेगी, स्वच्छता से नागरिको को भी जोडना होगा, घर में ही कचरा पृथककरण कराकर लेना होगा, लोगो में सफाई एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नही करने जागरूकता लानी होगी और स्वच्छता के लिए पूरे साल भर कार्य करना होगा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आप लोगो के मेहनत एवं लगन के कारण ही राजनांदगांव शहर को उच्च स्थान मिला। आप लोग निस्वार्थ भाव से साफ सफाई, डोर टू डोर कचरा संग्रहण कर उसका निस्पादन करते है। उन्होंने कहा कि सत प्रतिशत घरो से कचरा संग्रहण करना है और सोर्स मे ही कचरा पृथककरण कर लेना है, लोगो को कचरा अलग अलग देने, यूजर चार्ज देने समझाईस देना है, आगामी सर्वेक्षण के लिए अभी से तैयारी कर कार्य करना है, जिस प्रकार सीमित संसाधन में मेहनत कर आप लोगो ने टॉप 20 में स्थान दिलाया है, उसी प्रकार और मेहनत कर टॉप 10 में स्थान दिलाए। प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा ने बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छता दीदीयॉ एवं सफाई मित्रों की मेहनत रंग लाई और हम जम्प कर 14वे स्थान पर आए, यह स्थान आप लोगो के कारण ही मिला है और आगे भी और अच्छा स्थान प्राप्त हो हम देश में टॉप 10 मे पहुचे तथा प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करे, इसके लिए आप सब अभी से प्रयास करे। कार्यक्रम में प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, पीआईयू श्री देवेश साहू व कीर्तन साहू सहित वार्ड प्रभारी, सफाई मित्र तथा स्वच्छता दीदीयो का प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में अतिथियों ने सम्मान किया।

## बिजली के दामों में वृद्धि कर गरीब जनता को लूट रही है सांय सरकार : सूर्यकांत जैन, आसिफ अली

### ब्लॉक स्तरीय बिजली न्याय आंदोलन में कांग्रेसजनों ने विद्युत कार्यालय का किया घेराव



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश की भाजपा सरकार एक बार फिर बिजली के दामों में वृद्धि कर प्रदेश की गरीब जनता को फिर लूटने जा रही है प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर ब्लॉक स्तरीय आयोजित गिबजली न्याय आंदोलनच्च् के तहत 18 जुलाई शुक्रवार को विद्युत कार्यालय का घेराव कर राज्य की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया और जेई को लालटेन थमाकर विरोध जताया।दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने संचालन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा डेढ़ वर्षों में 19.6 प्रतिशत विद्युत के दामों में वृद्धि कर बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लुटने का काम किया जा रहा है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि, गैर घरेलू बिजली की दर पर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा की उपस्थिति में ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में बिजली न्याय आंदोलन के तहत विद्युत कार्यालय का घेराव कर जेई को लालटेन भेंट की गई। शहर दक्षिण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेशभर में बिजली की कटौती शुरू हो गई। भाजपा सरकार ने दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज, बिजली कटौती से परेशान किया और अब प्रदेश की लाखों गरीब जनता को बिजली के दामों में वृद्धि कर लूटने जा रही है। कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ रही है। इतिहास गवाह है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में जनता को लूटने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाएं जाते रहे है। भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, अघोषित कटौती रोज-रोज जारी है, उपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी करके जनता की जेब में डाका डाला है। अनाप-शनाप बिजली बिल गरीब जनता को दिया जा रहा है। स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है, अब तो जनता को लूटने के लिए अडानी की कंपनी का प्रीपेड मीटर भी लगाने की तैयारी है। जो बर्दाशत योग्य नहीं है। कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है। ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, ने कहा कि सरप्लस बिजली वाले प्रदेश में बिजली कटौती व दामों में वृद्धि कर रही है भाजपा सरकार। सरकार के चहेतों का करोड़ों का बिजली बिल का भुगतान लंबित है, केन्द्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों के चलते बिजली का उत्पादन लागत बढ़ा है, कोयले पर ग्रीन टैक्स चार गुना अधिक बढ़ा दिए, रेलवे का माल भाड़ा अधिक वसूल रहे हैं, थर्मल पॉवर प्लांट को अडानी की कंपनी से महंगे दर पर कोयला खरीदने बाध्य किया जा रहा है, डीजल पर सेंट्रल एक्साइज बढ़ाए जाने से परिवहन में और फायर के लिए उपयोग होने वाले डीजल की लागत बढ़ी है जिसकी भरपाई भी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाकर किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है।

## धर्म समाचार....

## सावन में रोजाना करें इस स्तोत्र का पाठ, कृपा बरसाएंगे महादेव




सावन का पवित्र महीना चल रहा है। यह अवधि भगवान शिव की आराधना करने व उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए उत्तम मानी गई है। ऐसे में आप इस माह में शिव जी की आराधना के समय द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्र का पाठ करके शिव जी की असीम कृपा प्राप्त कर सकते हैं।

सावन को हिंदू धर्म में एक पवित्र माह के रूप में देखा जाता है, जो भगवान शिव की आराधना करने के लिए बहुत ही खास है। विशेषकर सावन सोमवार का दिन। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भोलेनाथ केवल जल चढ़ाने मात्र से प्रसन्न हो जाते हैं। अधिक लाभ प्राप्ति के लिए आप शिव जी की पूजा के दौरान द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम् का भी पाठ कर सकते हैं। इससे साधक को शिव जी का आशीर्वाद मिलता है और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम्
सौराष्ट्रे सोमनाथं च श्रीशैले मल्लिकार्जुनम् ।
उज्जयिन्यां महाकालम्‍?कारममलेश्वरम् ॥1॥
परल्यां वैद्यनाथं च डाकिन्यां भीमाशंकरम् ।
सेतुबंधे तु रामेशं नागेशं दारुकावने ॥2॥
वाराणस्यां तु विश्वेशं त्र्यंबकं गौतमीतटे ।
हिमालये तु केदारम् घुश्मेशं च शिवालये ॥3॥
एतानि ज्योतिर्लिङ्गानि सायं प्रातः पठेन्नरः ।
सप्तजन्मकृतं पापं स्मरणेन विनश्यति ॥4॥
द्वादश ज्योतिर्लिङ्ग स्तोत्रम्
सौराष्ट्रदेशे विशदेऽतिरम्ये ज्योतिर्मयं चन्द्रकलावतंसम् ।
भक्तिप्रदानाय कृपावतीर्णं तं सोमनाथं शरणं प्रपद्ये ॥1
श्रीशैलशृङ्गे विबुधातिसङ्गे तुलाद्रितुङ्गेऽपि मुदा वसन्तम् ।
तमर्जुनं मल्लिकपूर्वमेकं नमामि संसारसमुद्रसेतुम् ॥2
अवन्तिकायां विहितावतारं मुक्तिप्रदानाय च सज्जनानाम् । अकालमृत्योः परिरक्षणार्थं वन्दे महाकालमहासुरेशम् ॥3

सावन में आने वाले सोमवार के दिन व्रत करना बहुत ही पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन विशेष विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से आपको शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही साधक की मनचाही इच्छा भी पूरी होती है।

## पैर के निचले हिस्से पर तिल वाले लोग होते हैं डाउन टू अर्थ, जानिए कैसी होती है इनकी पर्सनेलिटी




सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार पैर के निचले हिस्से पर तिल वाले व्यक्ति मेहनती और जड़ों से जुड़े होते हैं। वे रिजर्व नेचर के होते हैं और अपनी भावनाओं को साझा नहीं करते। ऐसे लोग अकेले समय बिताना पसंद करते हैं और आत्म विश्लेषण करते हैं। वे विश्वसनीय और प्रतिबद्ध पार्टनर होते हैं रिश्तों में स्थिरता को महत्व देते हैं। उन्हें पैरों से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं। धर्म डेस्क, नई दिल्ली। सामुद्रिक शास्त्र में शरीर पर तिल के आधार पर भविष्य के संकेतों के बारे में बताया जाता है। पैर के निचले हिस्से पर तिल होना मेहनती और अपनी जड़ों से व्यक्ति के जुड़े रहने का संकेत देता है। पैर के निचले हिस्से पर तिल वाले लोग बहुत रिजर्व नेचर के होते हैं। अपनी भावनाओं को ज्यादा लोगों के साथ न तो शेयर करते हैं। न हीं ऐसे लोग कभी अपनी बातों को किसी से स्पष्ट तौर पर कहते हैं। पैर के निचले हिस्से पर तिल वाले लोग ज्यादातर समय अकेले बिताना ही पसंद करते हैं। इस वजह से काफी हद तक यह लोग आत्म विश्लेषण करने वाले हो जाते हैं। यह अपने किए हुए काम को खुद बार-बार एनालाइज करते हैं कि उसमें इन्होंने क्या अच्छा किया था और क्या अच्छा करने की गुंजाइश हो सकती थी। इस तरह से जरूरत से ज्यादा किसी विषय पर सोचने की वजह से कभी-कभी चिंता में बने रहते हैं। हालांकि, ऐसे लोग बहुत विश्वसनीय होते हैं और प्रतिबद्ध पार्टनर होते हैं। ये लोग अपने रिश्तों में स्थिरता और सुरक्षा को ज्यादा महत्व देते हैं। पैर के निचले हिस्से में तिल वाले लोगों की जनरल नॉलेज की समझ काफी अच्छी होती है। इस वजह से ऐसे लोग किसी भी समस्या के आने पर इसका व्यावहारिक हल तलाश कर सकते हैं। ऐसे लोग डाउन टू अर्थ होते हैं और इनमें बहुत ज्यादा किसी चीज को पाने की लालसा नहीं दिखती है। मगर, ये हमेशा अपने स्तर से ऊपर उठते रहते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# जिला पंचायत सीईओ ने महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग एवं एनआरएलएम की संयुक्त बैठक ली

### समन्वित प्रयास से मैदानी स्तर पर गर्भवती महिला एवं कुपोषित बच्चों को लाभ पहुंचाने तथा उनके पोषण स्तर एवं स्वास्थ्य स्तर को बेहतर करने हेतु करें हरसंभव प्रयास

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं एनआरएलएम की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग एक दूसरे के पूरक है। दोनों विभाग के आपसी समन्वय से कार्ययोजना बनाकर कुपोषण को दूर किया जा सकता है। कुपोषण को दूर करने के लिए प्रमुख रूप से गर्भवती महिलाओं के चार एएनसी चेकअप एवं पोषण परामर्श विशेष रूप से ध्यान देने कहा। उन्होंने पालक चौपाल में गर्भवती माताओं को बुलाकर एनीमिया से बचाव, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने वाले पोषक पदार्थों का सेवन करने, गर्भवती महिलाओं के प्रतिमाह वजन बढ़ोत्तरी का पर्यवेक्षण करने, साथ ही खतरे के लक्षण वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर प्रतिमाह उन्हें जांच कराने के लिए सीएचसी अथवा पीएचसी ले जाने एवं वीएचएसएनडी, पालक चौपाल में उन्हें पोषण परामर्श देने के निर्देश दिए। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी जागरूक करने हेतु कहा। जिला पंचायत सीईओ ने 5 वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार की विस्तृत समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने विशेष क्षेत्र के बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के लिए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कुपोषण को पूर्णत: समाप्त करने के लिए कार्ययोजना साझा करने कहा। उन्होंने विभागीय अन्य योजनाओं



जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना से पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने शिशु एवं मातृत्व इंडीकेटर को लक्षित करते हेतु गर्भवती महिलाओं का पंजीयन गुणवत्तायुक्त 4 एएनसी चेकअप, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, एनआरसी, पालक चौपाल, पोर्ट लाईका कार्यक्रम, आयरन टैबलेट वितरण, कम वजन के पैदा हुए बच्चों के इंडीकेटर के संबंध में जानकारी ली तथा इसकी डाटा एण्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। उन्होंने छुरिया एवं डोंगरगांव विकासखण्ड में एएनसी सर्विस को सुदृढ़ करने निर्देशित किया। पोषण ट्रेकर की सम्पूर्ण एण्ट्री करने कहा। पोषण पुर्नवास केन्द्रों को बेड रेट और ईलाज दर बढ़ाने तथा गंभीर कुपोषित एवं माध्यम कुपोषित बच्चों का फ्लोअप के निर्देश दिए। सभी आईसीडीएस सुपरवाईजर को माह में कम से कम 1 बच्चा पोषण पुर्नवास में भेजने कहा। उन्होंने आयरन, कैल्शियम तथा कृमिनाश दवा (ऐल्बेडाजॉल) सभी गर्भवती माताओं को शत-प्रतिशत उपलब्ध सुनिश्चित कराने कहा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जननी सुरक्षा योजना एवं पोषण पुर्नवास केन्द्र का लाभ लेने हेतु मैदानी स्तर पर हितग्राहियों को जागरूक करने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग व एनआरएलएम के समन्वित प्रयास से मैदानी स्तर पर गर्भवती महिला एवं कुपोषित बच्चों को लाभ पहुंचाने व उनके पोषण स्तर एवं स्वास्थ्य स्तर को बेहतर करने हेतु हरसंभव प्रयास करने हेतु विभागों को प्रेरित करें। बैठक में कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न सहित महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक तथा स्वास्थ्य विभाग के जिला सलाहकार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, बीईटीओ, मितानिन समन्वयक उपस्थित थे।

## आबकारी विभाग की कार्रवाई

**8.100 बल्क लीटर महाराष्ट्र राज्य निर्मित देशी मदिरा संत्री जप्त**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध



शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा थाना बागनदी ग्राम कोठीटोला में मोनूराम पुजेरी के कब्जे से महाराष्ट्र राज्य निर्मित 8.100 बल्क लीटर देशी मदिरा संत्री जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ श्री अनिल सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक श्री लाल सिंह राजपूत, आबकारी आरक्षक श्री भोजराज बंजारे शामिल थे। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है।

## मोखला में शराब बेचने वाले से ली जाएगी 50,000 रुपए का अर्थदंड

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोखला के ग्रामीणों ने बीते दिनों में ग्राम पंचायत व ग्राम वासियों के सहयोग से अवैध शराब, गांजा और गंदगी फैलाने वालों पर सख्त करवाई का प्रस्ताव पारित कर अमल की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत मोखला एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम पंचायत में पूर्ण शराबबंदी का निर्णय लिया गया है जिसका परिपालन ग्रामवासी भली भाती कर रहे हैं। गांव में जगह-जगह पर सूचना चस्पा की गई है कि शराब बेचने वालों से 50000 रुपए अर्थ दंड लिया जाएगा,शराब लेने वालों से 30000 रुपए अर्थ दंड लिया जाएगा, बताने वाले को 20000 रूपये का इनाम दिया जाएगा। गांजा बेचने वालों को 30000 अर्थदंड लिया जाएगा,गांजा लेने वालों से 20000 अर्थ दंड लिया जाएगा, बताने वाले को 10,000 ईनाम दिया जाएगा. सार्वजनिक स्थलों पर शराब गांजा पीने वालों से 20000 अर्थ दंड लिया जाएगा. तालाब में मछली काटने सुधरने वालों से 10000 अर्थदंड लिया जाएगा।दुकान में नाबालिक लड़के लड़कियों को बीड़ी सिगरेट व अन्य नशीली पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों से 20000 अर्थदंड लिया जाएगा. सार्वजनिक स्थलों पर शराब गांजा का आदान प्रदान करना सख्त मना है।

## गातातोला आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम



पंचायत टप्पा के आश्रित ग्राम गातातोला में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित रही जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काट कर एवं मां सरस्वती के शैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का सम्मान एवं उद्बोधन के दौरान सभी अतिथियों ने अपने व्यक्तव्यों के माध्यम से समस्त ग्रामवासीयों को इस स्वर्णिम क्षण की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर लोकेश्वरी सिन्हा सरपंच ग्राम पंचायत टप्पा, सोनम निषाद सरपंच ग्राम पंचायत आरी, प्यारेलाल साहू प्राधान पाठक शा. प्रा. शाला गातातोला, कुशल सिंह राजपूत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित सहित समस्त ग्रामवासी ग्राम गातातोला की गरिमामय उपस्थिति थे।

# डोंगरगांव में शिव महापुराण कथा शुरू

### पंडित राघव मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ के डोंगरगांव से भागवत कथा की प्रथम शुरुआत किया



**कथा सुनने धर्म प्रेमी भक्तो की भीड़ बढ़ी**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के चौकीरोड़ मार्ग नर्सरी के सागौन प्लांट के प्रांगण में आयोजित शिव महापुराण की कथा सुनने दूसरे दिन नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है शिव महापुराण कथा में कथावाचक के रुप में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सुपुत्र पंडित राघव मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ के डोंगरगांव से प्रथम शिव महापुराण भागवत कथा की शुरुआत की गई है प्रथम दिन आयोजको द्वारा नगर के साकेत धाम मंदिर से विभिन्न वार्डो में कलश यात्रा निकाली गई , शिव महापुराण कथा का आयोजन 17 जुलाई से 24 जुलाई तक किया जाएगा, शिव महापुराण कथा के आयोजन में पंडित राघव मिश्रा ने कहा मेरा सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ के डोंगरगांव के पावन धरा में शिव महापुराण कथा की शुरुआत हो रही है पंडित राघव मिश्रा ने शिव महापुराण कथा में कहा प्रथम सावन सोमवार से जो भी व्यक्ति भगवान शिव शंकर के पुजा अर्चना और जल अभिषेक करते हैं उनको भगवान भोलेनाथ आशीर्वाद के रुप में कुछ ना कुछ जरुर देते है भगवान शिव भोलेनाथ के शरण में जाने से भव सागर पार हो जाते है जो भी व्यक्ति भगवान शिव को श्रद्धा पूर्ण और भाव से मानते हैं उनके जीवन में खुशियों से भर देता है मानव जीवन में जो भी व्यक्ति भगवान शिव को असली गुरू मानते है उन्हे शिष्य के रुप में भगवान सही मार्ग तक पहुंचाता है आज के भागम भाग दौड़ में लोगों के पास समय नहीं है श्रावण मास में शिव महापुराण की कथा सुनना और सुनाना चाहिए लोगों को कर्म के अनुसार उनका फल मिलता है मानव जीवन में लोगों को भगवान शिव शंकर के पुजा आराधना करना चाहिए क्योंकि मानव जीवन को मुरुस्काने का मौका मिला है भगवान के लीला अपरम पार है शिव महापुरान कथा के भजन में धर्म प्रेमी भक्तो के द्वारा कथा पंडाल में श्रोता गण मंत्रमुग्ध हो थिरकने लगे, शिव महापुराण कथा को भक्तो के लिए महिलाओ और पुरषों के लिए अलग अलग बैठने की व्यवस्था की गई है

**शिवमहापुराण कथा सुनने भक्तों की उमड़ी भीड़**

सात दिवसीय शिव महापुराण कथा को सुनने के लिए नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के भक्तजनों की भीड़ लगातार बढ़ रही है।

# महापौर मधुसूदन यादव वार्ड निरीक्षण में सुबह पहुँचे लखोली केशर नगर, जनता कालोनी

### साफ सफाई एवं निर्माण कार्य का लिया जायजा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह लखोली वार्ड नं. 30 एवं 31 पहुँच वार्डवासियो से रूबरू हो साफ सफाई के संबंध में चर्चा कर निर्माण कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने उप अभियंता श्री अशोक देवांगन से निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण कराने कहा।महापौर श्री यादव आज सुबह लखोली वार्ड नं. 30 एवं 31 के पार्षद श्री चंद्रशेखर लश्करे व श्रीमती रीना सिन्हा के साथ जनता कालोनी, केशर नगर में साफ सफाई का जायजा लेकर सभी नाली नालो की नियमित सफाई करने, कचरा उठाने तथा जल भरान क्षेत्र में विशेष सफाई कर पानी भरान पर निकासी हेतु कच्ची नाली खोदने कहा। अलट आवास के आस पास समुचित साफ सफाई करने कहा। उन्होंने वार्डवासियो से रूबरू हो अपने घर एवं आस पास साफ सफाई रखने, गिला सुखा कचरा अलग अलग कर स्वच्छता दीदीयों को देने समझाईस दिए। उन्होंने कहा कि बरसाती मौसमी बीमारी से बचने एतियात बरते, पानी छानकर पीये।

महापौर श्री यादव ने विश्वकर्मा मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण किया तथा केशर नगर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु स्थल विवाद का वार्डवासियो से चर्चा कर निराकरण किए। उन्होंने जनता कालोनी उद्यान निर्माण का जायजा लेकर निर्माण में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्यान निर्माण में मनोरंजन संबंधी सभी बातो का विशेष ध्यान रखा जाए और कार्य गुणवत्ता के साथ कराया जाए। निरीक्षण के दौरान निगम का तकनीकि एव स्वास्थ्य अमला सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

# भवन पुताई में खर्च किया 13 लाख, फिर पालिका ने किया डिस्मेंटल का प्रस्ताव

**डोंगरगढ़( नांदगांव टाइम्स )।** मप्र में स्कूल भवन की पुताई में लाखों रूपए खर्च कर भ्रष्टाचार करने जैसा मामला सामने आया है। नगर पालिका मंगल भवन की मात्र पुताई करवाकर 13 लाख का आहरण किया और फिर मामले पर पर्दा डालने के लिए मंगल भवन को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव किया है। इस खुलासे के बाद पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं।



जानकारी के अनुसार सीएमओ आवास के समीप स्थित मंगल भवन के जीर्णोद्धार में पालिका ने फरवरी में 13 लाख खर्च किए और मार्च भवन को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया। इस मामले की शिकायत एसडीएम अभिषेक तिवारी से होने के बाद उन्होंने तहसीलदार को जांच करने का आदेश दिया है। इसके पहले विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने मंगल भवन का निरीक्षण किया था। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चैहान ने ठेकेदार द्वारा अधिकारी, इंजीनियर के साथ मिलकर की गई गड़बड़ी की जानकारी विधायक श्रीमती बघेल को दी थी।

**करना था विकसित**

इस्टीमेट के अनुसार मंगल भवन को सर्व सुविधा युक्त बनाना था। स्वीकृत राशि से किचन, शौचालय आदि का निर्माण करना था। इस मामले को लेकर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान ने कहा कि विधायक श्रीमती बघेल के नेतृत्व में शीघ्र ही आंदोलन किया जाएगा।

**जांच आदेश जारी**

एसडीएम अभिषेक तिवारी ने 10 जुलाई को जारी आदेश में तहसीलदार अनियमितता की संपूर्ण जांच करने एवं जांच होने तक भवन को डिस्मेंटल करने पर रोक लगाने कहा है। उन्होंने मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने आदेशित किया है। जानकारी अनुसार - वर्षों पूर्व वार्ड 11 में मंगल भवन का निर्माण 25 लाख की लागत से किया गया था। तब से इस मंगल भवन का उपयोग नियमित रूप से नहीं हुआ है। नवरात्रि पर्व के दौरान पुलिस व्यवस्था के लिए इस भवन का उपयोग किया जाता है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी प्रतिवर्ष मंगल भवन के जीर्णोद्धार में लाखों खर्च होना बताकर बंदरबांट करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी मंगल भवन के जीर्णोद्धार में 13 लाख खर्च करना बता कर मात्र पुताई कराया गया है।

## संस्कारधानी के सर्वांगीण विकास में डॉ रमन सिंह का योगदान स्वागतेय है - डॉ. डी सी जैन

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के लोकप्रिय विधायक एवं स्पीकर तथा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की पहल पर मुख्यमंत्री श्री



विष्णु देव साय द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत नगर की विभिन्न योजनाओं के लिए 63 करोड़ की राशि स्वीकृत करने के लिए श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति द्वारा मुख्यमंत्री जी एवं डॉ रमन सिंह जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में समिति के अध्यक्ष डॉ डी सी जैन ने बताया है कि चाउंर वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध वर्तमान विधायक एवं स्पीकर डॉ रमन सिंह विगत 25 वर्षों से केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक एवं मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए राजनांदगाँव नगरीय एवं ज़िला के विभिन्न नगर एवं ग्रामों की विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया हैं जिसके अंतर्गत राजनांदगाँव के अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय, एस्ट्रोटरफ़ शिवनाथ नदी तट का विकास, उच्चस्तरीय पूल और तटबंध एवं घाट का निर्माण सम्मिलित हैं। समिति की माँग पर डॉ रमन सिंह ने शिवनाथ मोहारा में लक्ष्मण झूला की योजना को बजट में सम्मिलित किया गया है। विगत 25 वर्षों में डॉ रमन सिंह ने जो कार्य कराये हैं उसकी पूरे क्षेत्र की जनता द्वारा सराहना की जा रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि डॉ रमन सिंह जी अपने वर्तमान कार्यकाल में नगर की अनेक विकास योजनाओं को दर्शनीय स्वरूप प्रदान कर अपनी लोकप्रियता में चार चाँद लगायेंगे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com